भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1788
गुरुवार, दिनांक 28 नवम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>वायु टरबाइन मॉडल</u>

1788. श्री पी॰वी॰ मिधुन रेड्डीः
श्री श्रीधर कोटागिरीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार मॉडल और विनिर्माताओं की संशोधित सूची (आरएलएनएम) में वायु टरबाइन मॉडल को शामिल और अद्यतन करने के आवेदनों की प्रक्रिया हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल आरंभ करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पोर्टल के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा तथा विद्युत और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख): सरकार ने मॉडलों तथा विनिर्माताओं की संशोधित सूची में पवन टरबाइन मॉडलों को शामिल करने तथा उन्हें अद्यतन करने संबंधी अनुप्रयोगों पर कार्य करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल (आरएलएमएमएम पोर्टल) पहले ही शुरू कर दिया है। इस पोर्टल का वेब पता https:rlmmonline.niwe.res.in है। इस पोर्टल का उद्देश्य आरएलएमएमएम आवेदनों का पारदर्शी तरीके से प्रोसेसिंग करके निपटान करना है।

*****